झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001

शुद्धि पत्र

आयोग की प्रेस विज्ञप्ति ज्ञापांक–2268, दिनांक–02.10.2021 द्वारा विज्ञापन सं0–13/2017 के अंतर्गत बी0आई0टी0 सिन्दरी में खनन, धातुकर्म, रसायनिक, आई0टी0 एवं कम्प्यूटर विज्ञान विषयों हेतु Assistant Professor की नियुक्ति के लिए अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार की तिथि का प्रकाशन किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के साथ बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची भी प्रकाशित की गई है। इसमें अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निदेश भी अलग से प्रकाशित है।

उक्त प्रेस विज्ञप्ति में एक त्रुटि रह गयी है:–

Computer Science संकाय के UNR कोटि में अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों का Cutoff mark 63.03 है। भूलवश इससे कम प्राप्तांक के एक अभ्यर्थी (Reg. No.-17131906) को भी बुला लिया गया है। उक्त प्रेस विज्ञप्ति के साथ संलग्न सूची से Reg. No.-17131906 वाले अभ्यर्थी का नाम विलोपित किया जाता है। स्पष्टतः इन्हें अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाया जा रहा है।

धातुकर्म संकाय में ST कोटि के एक रिक्त पद के विरूद्ध कुल 07 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें से एक अभ्यर्थी (Reg. No.-17131910) योग्य नहीं पाए गए हैं। इस कोटि में एक रिक्त पद के विरूद्ध कुल 03 अभ्यर्थियों को बुलाया जाना है परन्तु 05 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है क्योंकि 05 में केवल 02 अभ्यर्थी ही ऐसे हैं जिन्होंने जाति प्रमाण–पत्र विज्ञापन के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में समर्पित किया है। कोटिवार मेधाक्रमांक से रिक्ति के तीन गुणे Eligible अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

उक्त प्रेस विज्ञप्ति के निदेश में अभिलेख सत्यापन हेतु Valid GATE Score के साथ आने की बात भी कही गयी है। इसके लिए आयोग की पूर्व की प्रेस विज्ञप्ति ज्ञापांक–934, दिनांक–01.04.2021 के आलोक में Valid GATE Score card की स्वअभिप्रमाणित प्रति लानी होगी। दोनों संबंधित प्रेस विज्ञप्तियाँ आयोग के वेबसाइट पर विज्ञापन सं0–13/2017 के Link के अंतर्गत उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।